गीडा को मिला जीआईएस 2023 में 40 हज़ार करोड़ के निवेश का लक्ष्य

चर्चा में क्यों?

1 दिसंबर, 2022 को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सीईओ पवन अग्रवाल ने बताया कि गीडा को फरवरी 2023 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 40 हज़ार करोड़ का निवेश कराने का लक्ष्य मिला है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 30 नवंबर को गीडा के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोज़गार सृजन करने वाले करोड़ों रुपए के निवेश व विकास परियोजनाओं की सौगात देकर उद्यमियों में विकास की डोर को और मज़बूत किया है।
- गीडा दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने 504 करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं को गति देने के साथ ही 1200 करोड़ रुपए के भावी निवेश की परियोजनाओं के लिये 2.42 लाख वर्गमीटर से अधिक भूमि के आवंटनपत्र भी वितरित किये।
- इन परियोजनाओं में वैश्विक स्तर की प्रतिष्ठित कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेस की तरफ से 1071 करोड़ रुपए तथा सेंट्रल वेयरहाउसिंग की तरफ से 40 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावित हैं।
- गीडा में बहुउद्देशीय प्लास्टिक पार्क और रेडीमेड गारमेंट की फ्लैटेड फैक्ट्री का शिलान्यास कर मुख्यमंत्री ने करीब 172 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग खोला है। करीब 70 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे प्लास्टिक पार्क में 92 तथा करीब 34 करोड़ रुपए की लागत वाली फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में 80 इकाइयाँ लग सकेंगी।
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर देश-दुनिया के निवेशकों को आकर्षित करने के साथ ही सरकार का ध्यान प्रदेश के निवेशकों को भी उत्साहित करने पर है। खुद मुख्यमंत्री लगातार गोरखपुर समेत पूर्वांचल के स्थानीय उद्यमियों से यह आह्वान कर रहे हैं कि वे जीआईएस-2023 में भागीदारी करते हुए और अधिक निवेश को आगे आएँ।
- निवेश और इसके ज़रिये बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि ज़िला स्तर पर प्रतिमाह और मंडल स्तर पर हर तीन माह में बैठक कर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इसी क्रम में गीडा को भी उद्यमियों से जीआईएस 2023 में ज्यादा से ज्यादा निवेश का लक्ष्य मिला है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gida-gets-target-of-investment-of-40-thousand-crores-in-gis-2023